# प्रयोगवादी युग

1. **प्रयोगवादी काव्यधारा का प्रारम्भ किस सप्तक के प्रकाशन से होता है?** (पीजीटी, टीजीटी-2000)
   (क) दूसरा सप्तक (ख) तारसप्तक
   (ग) दोनों से (घ) कोई नहीं
2. **'तारसप्तक' का प्रकाशन वर्ष क्या है?** (पीजीटी-2002, टीजीटी-2005)
   (क) 1943 ई. (ख) 1947 ई.
   (ग) 1951 ई. (घ) 1940 ई.
3. **प्रयोगवाद को पुष्ट करने वाली पत्रिका थी –**
   (क) प्रतीक (ख) सरस्वती
   (ग) विशाल भारत (घ) हंस
4. **प्रयोगवाद की कालावधि क्या है?**
   (क) 1943-1953 ई. (ख) 1940-1950 ई.
   (ग) 1947-1953 ई. (घ) इनमें से कोई नहीं
5. **हिन्दी में प्रयोगवाद के जनक माने जाते हैं –**
   (क) गिरिजाकुमार माथुर (ख) अज्ञेय
   (ग) धर्मवीर भारती (घ) जगदीश गुप्त
6. **'प्रयोगवाद' शब्द का प्रयोग सबसे पहले किसने किया?**
   (क) अज्ञेय (ख) नन्ददुलारे वाजपेयी
   (ग) नामवर सिंह (घ) धर्मवीर भारती
7. **प्रयोगवादी कवियों की रचनाएँ किस सप्तक में संकलित हैं?** (पीजीटी-2010)
   (क) तारसप्तक (ख) दूसरा सप्तक
   (ग) तीसरा सप्तक (घ) चौथा सप्तक
8. **'घोर अहंनिष्ठ व्यक्तिवाद' किस काव्यधारा की प्रवृत्ति है?** (पीजीटी-2010)
   (क) प्रयोगवाद (ख) प्रगतिवाद
   (ग) नयी कविता (घ) छायावाद
9. **प्रयोगवाद को 'बैठे ठाले का धन्धा' किसने कहा है?** (नेट-दिसम्बर, 2011)
   (क) नन्ददुलारे वाजपेयी (ख) नामवर सिंह
   (ग) आचार्य शुक्ल (घ) विजयदेवनारायण साही
10. **कौन-सी विशेषता प्रयोगवाद की नहीं है?**

(क) नये उपमान एवं प्रतीकों का प्रयोग

(ख) घोर वैयक्तिकता

(ग) लाक्षणिक भाषा का प्रयोग

(घ) वेदना एवं कुण्ठा का चित्रण

11. **प्रयोगवाद के प्रवर्तक के अनुसार प्रयोगवादी कवि का मुख्य लक्ष्य क्या था?** (नेट-जून, 2002)

(क) नये काव्य उपकरणों का प्रयोग

(ख) भावुकता के स्थान पर बौद्धिकता की प्रतिष्ठा

(ग) नयी राहों का अन्वेषण

(घ) काव्य की पूर्व परम्परा का निषेध

12. **'तारसप्तक' के नाम से प्रयोगवादी कविता के संग्रहों की संख्या कितनी है?** (पी.जी.टी., नेट-जून, 2001)

(क) एक (ख) तीन

(ग) दो (घ) चार

13. **नकेनवाद किस काव्यधारा के लिए प्रयुक्त हुआ है?** (नेट-2010)

(क) छायावादी (ख) प्रगतिवादी

(ग) प्रयोगवादी (घ) इनमें से कोई नहीं

14. **नकेनवादियों ने अपने को किस धारा में रखा था?**

(क) प्रगतिवाद (ख) प्रयोगवाद

(ग) नयी कविता (घ) समकालीन कविता

15. **'तारसप्तक' में कितने कवियों की रचनाओं को संकलित किया गया है?**

(क) 6 (ख) 5

(ग) 7 (घ) 27

16. **''प्रयोगवाद कोई वाद नहीं है...........प्रयोग अपने आप में इष्ट नहीं है, वह साधन है।'' यह कथन किसका है?**

(क) अज्ञेय (ख) प्रभाकर माचवे

(ग) मुक्तिबोध (घ) रघुवीर सहाय

17. **'तारसप्तक' के कवियों को अज्ञेय ने कहा है –**

(क) प्रयोगवादी (ख) प्रगतिशील

(ग) राहों का अन्वेषी (घ) प्रयोगशील

18. **'प्रयोग' को किसने 'साध्य न मानकर साधन माना है वह भी दोहरा साधन?'**

(क) मुक्तिबोध (ख) अज्ञेय

(ग) भारतभूषण अग्रवाल (घ) नन्ददुलारे वाजपेयी

19. **'तारसप्तक' पर किसका प्रभाव स्वीकार किया जाता है?**

(क) न्यू सिगनेचर (ख) नकेनवाद

(ग) इलियट (घ) किसी का नहीं

20. **कौन 'तारसप्तक' का कवि नहीं है?**

(क) प्रभाकर माचवे (ख) गिरिजाकुमार माथुर

(ग) अज्ञेय (घ) शमशेर बहादुर

21. **रामविलास शर्मा किस सप्तक के कवि हैं?**

(क) दूसरा सप्तक (ख) तारसप्तक

(ग) तीसरा सप्तक (घ) इनमें से कोई नहीं

22. **'तारसप्तक' में कौन-सा कवि सम्मिलित नहीं है?** (पीजीटी-2004)

(क) भारतभूषण अग्रवाल (ख) मुक्तिबोध

(ग) नेमिचन्द्र जैन (घ) रघुवीर सहाय

23. **भारतभूषण अग्रवाल किस सप्तक के कवि हैं?**

(क) दूसरा सप्तक (ख) तारसप्तक

(ग) तीसरा सप्तक (घ) चौथा सप्तक

24. **'तारसप्तक' में संकलित कवियों को 'राहों का अन्वेषी' किसने कहा?** (टीजीटी-2003)

(क) अज्ञेय (ख) गिरिजाकुमार माथुर

(ग) नकेनवादियों ने (घ) रामस्वरूप चतुर्वेदी

25. **कौन कवि तारसप्तक में शामिल नहीं है?** (टीजीटी-2004)

(क) प्रभाकर माचवे (ख) नेमिचन्द्र जैन

(ग) भारतभूषण अग्रवाल (घ) रामधारी सिंह 'दिनकर'

26. **'दूसरा सप्तक' के कवि हैं –**

(क) शमशेर बहादुर (ख) भवानी प्रसाद मिश्र

(ग) शकुन्तला माथुर (घ) उपर्युक्त सभी

27. **दूसरा सप्तक के कवि नहीं हैं –**

(क) रांगेय राघव (ख) हरिनारायण व्यास

(ग) नरेश मेहता (घ) धर्मवीर भारती

28. **भवानी प्रसाद मिश्र की कविताओं का संकलन किस सप्तक में हुआ है?**

(क) तारसप्तक (ख) दूसरा सप्तक

(ग) तीसरा सप्तक (घ) चौथा सप्तक

29. **'दूसरा सप्तक' का प्रकाशन वर्ष है –**

(क) 1951 ई. (ख) 1950 ई.

(ग) 1947 ई. (घ) 1959 ई.

30. **कौन दूसरा सप्तक का कवि नहीं है?**

(क) मुक्तिबोध (ख) धर्मवीर भारती

(ग) शमशेर बहादुर सिंह (घ) शकुन्तला माथुर

31. **तीसरा सप्तक में शामिल कवि नहीं है?**

(क) प्रयाग नारायण त्रिपाठी (ख) नचिकेता

(ग) मदन वात्स्यायन (घ) केदारनाथ सिंह

32. **तीसरा सप्तक का कवि कौन है?**

(क) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना (ख) कुँवर नारायण

(ग) विजयदेवनारायण साही (घ) उपर्युक्त सभी

33. **'चौथा सप्तक' का प्रकाशन कब हुआ?**

(क) 1951 ई. (ख) 1959 ई.

(ग) 1965 ई. (घ) 1979 ई.

34. **'चौथा सप्तक' में संकलित कवि हैं –**

(क) नन्दकिशोर आचार्य (ख) राजेन्द्र किशोर सिंह

(ग) अवधेश कुमार (घ) उपर्युक्त सभी

35. **व्यवस्था प्रियता और विद्रोह का विलक्षण संयोग किस प्रयोगवादी कवि में सबसे अधिक मिलता है?**

(जीआईसी पीजीटी-2009)

(क) गजानन मुक्तिबोध में (ख) भारतभूषण अग्रवाल में

(ग) नेमिचन्द्र जैन में (घ) अज्ञेय में

36. **तीसरा सप्तक का प्रकाशन काल क्या है?**

(क) 1951 ई. (ख) 1959 ई.

(ग) 1957 ई. (घ) 1950 ई.

37. **'कीर्ति चौधरी' किस सप्तक में शामिल हैं?**

(क) प्रथम सप्तक (ख) द्वितीय सप्तक

(ग) तीसरा सप्तक (घ) चौथा सप्तक

38. **'चौथा सप्तक' में संकलित कवयित्री हैं** – (टीजीटी-2005)

(क) शकुन्तला माथुर (ख) मणिका मोहिनी

(ग) सुमन राजे (घ) कीर्ति चौधरी

39. **केदारनाथ सिंह किस सप्तक के कवि हैं?** (टीजीटी-10)

(क) तारसप्तक (ख) दूसरा सप्तक

(ग) तीसरा सप्तक (घ) चौथा सप्तक

40. **'नयी कविता' का दौर शुरू होता है –**

(क) सन् 1951 से (ख) सन् 1954 से

(ग) सन् 1955 से (घ) सन् 1960 से

**41. 'नये पत्ते' का प्रकाशन कब हुआ?**

(क) 1956 से (ख) 1953 से
(ग) 1955 से (घ) 1960 से

**42. किस काव्यधारा का विकास कालान्तर में नयी कविता के रूप में हुआ?**

(क) प्रगतिवाद (ख) प्रयोगवाद
(ग) छायावाद (घ) अंतश्चेतनतावाद

**43. 'नयी कविता' की विशेषता नहीं है –**

(क) भाषा का नया प्रयोग - बिम्ब, प्रतीक, फंतासी
(ख) क्षणवाद का महत्त्व
(ग) परम्परा की नयी व्याख्या
(घ) कल्पना की प्रचुरता

**44. 'नयी कविता' आन्दोलन को प्रतिष्ठित करने का श्रेय किस पत्रिका को है?**

(क) प्रतीक (ख) नयी कविता
(ग) कल्पना (घ) धर्मयुग

**45. 'नयी कविता' पत्रिका के सम्पादक थे –**

(क) अज्ञेय (ख) निराला
(ग) धर्मवीर भारती
(घ) रामस्वरूप चतुर्वेदी और जगदीश गुप्त

**46. नयी कविता और प्रयोगवाद की वैचारिक पृष्ठभूमि में है –**

(क) अस्तित्ववादी जीवन दर्शन
(ख) मार्क्सवादी चेतना
(ग) आनन्दवादी दर्शन (घ) रहस्यवाद

**47. 'नयी कविता' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग किसने किया?**

(क) नामवर सिंह (ख) नन्ददुलारे वाजपेयी
(ग) विजयदेवनारायण साही (घ) अज्ञेय

**48. नयी कविता की रचना कौन-सी नहीं है?**

(क) वंशी और मादल (ख) मायादर्पण
(ग) काठ की घंटियाँ (घ) सान्ध्यगीत

**49. 'नयी कविता श्रोता के दृष्टिकोण से' लेख किसक. है?**

(क) ब्रजेश्वर वर्मा (ख) अज्ञेय
(ग) धर्मवीर भारती (घ) जगदीश गुप्त

**50. 'नयी कविता' सूक्ष्म के प्रति अति सूक्ष्म का विद्रोह**

है' – उक्ति किसकी है?

(क) रामविलास शर्मा (ख) जगदीश गुप्त

(ग) बच्चन सिंह (घ) रामकुमार वर्मा

**51. 'बौद्धिकता का आग्रह' किस काव्य-धारा में है?**

(क) छायावाद (ख) भारतेन्दु युग

(ग) नयी कविता (घ) रहस्यवाद

**52. कौन नयी कविता का हस्ताक्षर है?**

(क) अजित कुमार (ख) प्रभाकर माचवे

(ग) रघुवीर सहाय (घ) उपर्युक्त सभी

**53. कौन नयी कविता का कवि नहीं है?**

(क) नरेश मेहता (ख) सर्वेश्वर

(ग) विजयदेवनारायण साही (घ) दिनकर

**54. 'अनुभूति की सच्चाई और बुद्धिमूलक यथार्थवादी दृष्टिकोण' की प्रधानता किस काव्यधारा में है?**

(क) नयी कविता में (ख) प्रगतिवाद में

(ग) छायावाद में (घ) रहस्यवाद में

**55. 'नयी कविता प्रगतिवादी यथार्थ के आघात से उत्पन्न छायावाद के स्वप्न भंग के बाद की कविता है।' कथन किसका है?**

(क) कीर्ति चौधरी (ख) नेमिचन्द्र जैन

(ग) जगदीश गुप्त (घ) नामवर सिंह

**56. 'दुख सबको मांजता है' किसकी पंक्ति है?**

(क) महादेवी वर्मा (ख) पन्त

(ग) यशपाल (घ) अज्ञेय

**57. नयी कविता की भाषा की प्रमुख विशेषता है –** (नेट-2001)

(क) रोमानियत से युक्त (ख) बिम्ब विधान से युक्त

(ग) बोलचाल की शब्दावली से युक्त

(घ) आलंकारिता से युक्त

**58. अज्ञेय का पूरा नाम क्या है?**

(क) सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्स्यायन अज्ञेय

(ख) सच्चिदानन्द अज्ञेय

(ग) हीरानन्द अज्ञेय (घ) हीरानन्द शास्त्री

**59. 'हरी घास पर क्षण भर' शीर्षक काव्य-संकलन के रचयिता हैं –** (पीजीटी-02, 05, टीजीटी-2010)

(क) दिनकर (ख) निराला

(ग) अज्ञेय (घ) पन्त

**60. कौन-सा काव्य-संग्रह अज्ञेय का नहीं है?**
(पीजीटी-2004)

(क) हरी घास पर क्षणभर (ख) अरी ओ करुणामय प्रभा
(ग) सीढ़ियों पर धूप में (घ) आँगन के पार द्वार

**61. अज्ञेय की 'असाध्यवीणा' किस प्रकार की काव्य-कृति है?** (टीजीटी-2010)

(क) खण्डकाव्य (ख) प्रबन्ध काव्य
(ग) महाकाव्य (घ) प्रलम्ब या लम्बी कविता

**62. 'नदी के द्वीप' कविता अज्ञेय के किस संकलन में है?**

(क) हरी घास पर क्षणभर (ख) इन्द्र धनु रौंदे हुए
(ग) सागर मुद्रा (घ) क्योंकि मैं उसे जानता हूँ

**63. अज्ञेय की कौन-सी रचना साहित्य अकादमी से पुरस्कृत है?**

(क) सागर मुद्रा (ख) आँगन के पार द्वार
(ग) महावृक्ष के नीचे (घ) अरी ओ करुणामय प्रभा

**64. अज्ञेय की कौन-सी कविता जापानी लोक कथा पर आधारित है?**

(क) कितनी नावों में कितनी बार (ख) असाध्यवीणा
(ग) आँगन के पार द्वार
(घ) हरी घास पर क्षण भर

**65. 'बावरा अहेरी' अज्ञेय रचित कृति में 'बावरा अहेरी' किसका प्रतीक है?**

(क) सूर्य का (ख) चन्द्रमा का
(ग) राक्षस का (घ) ब्रह्म का

**66. 'नदी की बाँक पर छाया' रचना किसकी है?**

(क) रामदरश मिश्र (ख) अज्ञेय
(ग) नरेन्द्र मोहन (घ) बालस्वरूप राही

**67. अज्ञेय की किस कविता में जापान पर गिराये गये परमाणु बम के विनाश का वर्णन है?**

(क) मैंने आहुति बनकर देखा (ख) हिरोशिमा
(ग) इत्यलम् (घ) चिन्ता

**68. 'ये उपमान मैले हो गए हैं, देवता इन प्रतीकों के कर गये कूच' पंक्ति किस ओर संकेत करती है?**

(क) भाषा की रहस्यात्मकता को
(ख) भाषा में नये प्रतीकों, उपमानों के प्रयोग को
(ग) भाषा की मधुरता को (घ) छन्दबद्धता को

**69. 'साँप तुम तो सभ्य हुए नहीं, नगर में बसना भी तुम्हें**

**नहीं आया' काव्य पंक्ति किस कवि की है?**

(क) दिनकर (ख) अज्ञेय

(ग) शमशेर (घ) कुँवर नारायण

70. **'चेहरे थे असंख्य आँखें थीं**
**दर्द सभी में था**
**जीवन का दंश सभी ने जाना था' काव्य पंक्ति के रचनाकार हैं –**

(क) अज्ञेय (ख) मुक्तिबोध

(ग) हरिनारायण व्यास (घ) नरेश मेहता

71. **'रूपाम्बरा' काव्य-संकलन का सम्पादन किसने किया?**

(क) गिरिजाकुमार माथुर (ख) अज्ञेय

(ग) रामानन्द तिवारी (घ) केदारनाथ मिश्र

72. **'बह चुकीं बहकी हवाएँ चैत की**
**कट गयीं पूलें हमारे खेत की' पंक्ति के रचनाकार कौन हैं?**

(क) केदारनाथ सिंह (ख) केदारनाथ अग्रवाल

(ग) नागार्जुन (घ) अज्ञेय

73. **'चाँद का मुँह टेढ़ा है' के रचयिता हैं–** (टीजीटी-2010)

(क) मुक्तिबोध (ख) नागार्जुन

(ग) धूमिल (घ) धर्मवीर भारती

74. **रहस्य पुरुष का बिम्ब मुक्तिबोध की किस कविता में है?** (पीजीटी-2000)

(क) मेरे सहचर मित्र (ख) अन्धेरे में

(ग) इस चौड़े टीले पर (घ) इनमें से कोई नहीं

75. **किसकी कविताएँ 'स्वाधीन भारत का इस्पाती दस्तावेज' हैं?** (टीजीटी-2003)

(क) अज्ञेय (ख) गिरिजाकुमार माथुर

(ग) मुक्तिबोध (घ) दिनकर

76. **मुक्तिबोध रचित कविता नहीं है –**

(क) अन्धेरे में (ख) ब्रह्म राक्षस

(ग) इत्यलम् (घ) भूल गलती

77. **'अन्धेरे में' कविता में 'अस्मिता की खोज' की बात किसने कहा है?**

(क) शमशेर (ख) नामवर सिंह

(ग) रामविलास शर्मा (घ) अज्ञेय

78. **हिन्दी में फैंटेसी का प्रयोक्ता कवि कौन है?**

(क) मुक्तिबोध (ख) निराला

(ग) श्रीकान्त वर्मा (घ) श्रीराम शर्मा

**79. मुक्तिबोध कृत 'अन्धेरे में' कविता का प्रकाशन पहले किस नाम से हुआ था?**

(क) अन्धेरे के पार (ख) आकाश में अन्धेरा

(ग) उजाले का उल्लू (घ) आशंका के द्वीप अन्धेरे में

**80. मुक्तिबोध की समस्त रचनाएँ किस संकलन में हैं?**

(क) चाँद का मुँह टेढ़ा है (ख) भूरी-भूरी खाक धूल

(ग) मुक्तिबोध रचनावली (घ) सपाट चेहरे वाला आदमी

**81. मुक्तिबोध की कविता 'मुझे कदम-कदम पर चौराहे' किस संकलन में है?**

(क) चाँद का मुँह टेढ़ा है (ख) भूल गलती

(ग) भूरी-भूरी खाक धूल (घ) एक साहित्यिक की डायरी

**82. 'वह उस महत्ता का/हम सरीखों के लिए उपयोग/उस आन्तरिकता का बताता मैं महत्त्व।' पंक्तियाँ मुक्तिबोध की किस कविता से ली गयी हैं?**

(जीआईसी-पीजीटी-2009)

(क) भूल गलती (ख) ब्रह्म राक्षस

(ग) पता नहीं (घ) अँधेरे में

**83. ''ज्यामितिक संगति-गणित/की दृष्टि से कृत/भव्य नैतिक मान.......कब रहा आसान'' पंक्ति मुक्तिबोध की किस कविता से ली गयी है?**

(जीआईसी पीजीटी-2009)

(क) ब्रह्म राक्षस (ख) भूल गलती

(ग) अँधेरे में (घ) चाँद का मुँह टेढ़ा है

**84. 'हर एक छाती में आत्मा अधीरा है, प्रत्येक सुस्मित में विमल सदा नीरा है' पंक्ति किस कवि की है?**

(क) रामविलास शर्मा (ख) मुक्तिबोध

(ग) नागार्जुन (घ) रघुवीर सहाय

**85. 'भयंकर बात का कवि' कौन है?**

(क) शमशेर (ख) सर्वेश्वर

(ग) मुक्तिबोध (घ) अरुण कमल

**86. 'इन्द्रियबोध का कवि' कौन है?**

(क) शमशेर (ख) प्रभाकर माचवे

(ग) गिरिजाकुमार माथुर (घ) अज्ञेय

**87. गिरिजा कुमार माथुर का प्रथम काव्य-संकलन है –**

(क) मंजीर (ख) नाश और निर्माण

(ग) भीतरी नदी की यात्रा (घ) छाया मत छूना मन

**88. गिरिजा कुमार माथुर की कृति नहीं है–**(पीजीटी-2003)

(क) नाश और निर्माण (ख) धूप के धान
(ग) चाँद का मुँह टेढ़ा है (घ) पृथ्वीकल्प

**89. 'हिन्दी और मराठी का हाईब्रिड' किसे कहा जाता है?**
(क) मुक्तिबोध (ख) भवानीप्रसाद मिश्र
(ग) गिरिजा कुमार (घ) भारतभूषण अग्रवाल

**90. भवानीप्रसाद मिश्र की सर्वाधिक चर्चित कृति है –**
(क) गीत फरोश (ख) चकित है दुःख
(ग) गाँधी पंचशती (घ) टूटने का सुख

**91. भवानीप्रसाद मिश्र का प्रथम काव्य-संग्रह है –**
(क) सतपुड़ा के जंगल (ख) गीत फरोश
(ग) वाणी की दीनता (घ) चकित है दुःख

**92. 'बुनी हुई रस्सी' कविता किसकी है?**
(क) केदारनाथ सिंह (ख) कीर्ति चौधरी
(ग) रामदरश मिश्र (घ) भवानीप्रसाद मिश्र

**93. 'अतिवादों को छूने वाला कवि' किसे कहा गया है?**
(क) भारतभूषण अग्रवाल (ख) अज्ञेय
(ग) गिरिजाकुमार माथुर (घ) रामेश्वर शुक्ल अंचल

**94. नयी कविता का कौन-सा कवि फिल्मी गीतकार के रूप में प्रसिद्ध रहा है?**
(क) गिरिजा कुमार माथुर (ख) भवानी प्रसाद मिश्र
(ग) शकुन्तला माथुर (घ) अज्ञेय

**95. 'काल तुझसे होड़ मेरी', 'बात बोलेगी हम नहीं' काव्य-संकलन के रचयिता हैं –**
(क) सर्वेश्वर (ख) मलयज
(ग) राजकमल (घ) शमशेर

**96. 'अमन का राग' के लेखक हैं –** (टीजीटी-2002)
(क) भवानीप्रसाद मिश्र (ख) मुक्तिबोध
(ग) शमशेरबहादुर सिंह (घ) शकुन्तला माथुर

**97. 'मूड्स के कवि' कहलाते हैं –**
(क) सर्वेश्वर (ख) शमशेर
(ग) मुक्तिबोध (घ) अज्ञेय

**98. कौन-सी रचना शमशेर की नहीं है?**
(क) काल तुझसे होड़ मेरी (ख) दोआब
(ग) उदिताः अभिव्यक्ति का संघर्ष (घ) प्रार्थना पुरुष

**99. धर्मवीर भारती की कृति है –**
(क) मेरी वाणी गैरिक वसना (ख) सपना अभी भी
(ग) ठण्डा लोहा (घ) उपर्युक्त सभी

**100. 'ठण्डा लोहा' के रचयिता हैं –**
(क) गिरिजाकुमार माथुर (ख) धर्मवीर भारती
(ग) भवानीप्रसाद मिश्र (घ) नरेश मेहता